पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने नवमी एवं विजयदशमी पर्व की बधाई दी

लखनऊ: 17 अक्टूबर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने नवमी एवं विजयदशमी पर्व की बधाई देते हुये समस्त देश एवं प्रदेशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल ने नवमी एवं विजयदशमी पर्व के अवसर पर जारी अपने संदेश में कहा है कि हमारे पर्व हमें सत्य एवं सदाचार का आचरण करने के साथ अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देते हैं। हम सभी को आपस में प्रेम एवं सौहार्द से रहते हुये सभी को अपनी खुशियों में सहभागी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विविधता ही इसे विश्व में विशिष्ट पहचान दिलाती है।

अंजुम/ललित/राजभवन (402/27)